# मोरक्को ने कनाडा को 3–0 से हराया



**ह्यूस्टन, 05 जुलाई. मोरक्को ने दूसरे हाफ में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए तीन गोल दागकर सह-मेजबान कनाडा को शनिवार को 3–0 से हराते हुए फुटबॉल विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया.**

अज़ेदीन ओनाही के दो गोल की बदौलत कनाडा को 3–0 से हराकर मोरक्को ने वर्ल्ड कप के क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बना ली है. वे अपने इतिहास में पहली बार लगातार दो वर्ल्ड कप क्वार्टर फ़ाइनल में पहुँचे हैं. पहला हाफ गोल रहित रहा जिसमें कनाडा ने दबदबा बनाया. दूसरा हाफ शुरू होते ही मोरक्को ने 50 वें मिनट में बढ़त बना ली. अज़ेदीन ओनाही ने मोरक्को का पहला गोल दागा. उन्होंने 82वें मिनट में मोरक्को की बढ़त को 2–0 पहुंचाकर उसकी जीत पक्की कर दी. सूफ़ियान रहीमी ने इंजरी समय के आखिर में तीसरा गोल दागकर मोरक्को के प्रशंसकों को ख़ुशी के सागर में डुबो दिया. मोरक्को इस तरह वर्ल्ड कप के क्वार्टर फ़ाइनल में पहुँचने वाली पहली टीम बन गई. अब वे गुरुवार को फॉक्सबोरो के जिलेट स्टेडियम में फ्रांस और पैराग्वे के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे.

**न्यूयॉर्क.** ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा कि पांच बार की चैंपियन हमारी टीम नॉर्वे के खिलाफ आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी. कोच एंसेलोटी ने शनिवार को कहा, 'हमें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करना होगा, लेकिन मुझे लगता है कि हम अभी ऐसी स्थिति में हैं कि अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा सकते हैं क्योंकि हमें खुद पर भरोसा है. जापान के खिलाफ पिछला मुश्किल मैच खेलने के बाद हम किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं, ठीक वैसे ही जैसे पिछले मैच के लिए थे.'



## रेनार्ड ने ट्यूनीशिया से नाता तोड़ा



**ट्यूनिस.** फीफा विश्व कप 2026 से टीम के ग्रुप-स्टेज से बाहर होने के बाद हर्वे रेनार्ड ने ट्यूनीशिया के मैनेजर पद से इस्तीफा दे दिया है. 14 जून को ग्रुप-स्टेज ओपनर में ट्यूनीशिया के स्वीडन से 5–1 से हारने के बाद 57 वर्षीय फ्रांसीसी ने साबरी लामोची की जगह ली थी. रेनार्ड ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में टीम का नेतृत्व करने का अवसर देने के लिए ट्यूनीशियाई फुटबॉल महासंघ को धन्यवाद देते हुए कहा, 'मेरा रोमांच यहीं समाप्त होता है.' रेनार्ड की कमान के तहत, ट्यूनीशिया जापान से 4–0 से और नीदरलैंड से 3–1 से हार गया, ग्रुप एफ में अंतिम स्थान पर रहा.



## क्लॉप जर्मनी की कोचिंग संभालने को तैयार

**बर्लिन.** जुर्गन क्लॉप ने जर्मनी के कोच के तौर पर जूलियन नागेल्समैन की जगह लेने में अपनी दिलचस्पी की पुष्टि की है, लेकिन साथ ही यह भी कहा है कि जर्मन फुटबॉल एसोसिएशन (डीएफ़बी) और उनके मौजूदा नियोक्ता रेड बुल के साथ बातचीत ज़रूरी है.

## पैराग्वे को 1–0 से हराकर फ्रांस राउंड ऑफ 16 में



**फिलाडेल्फिया.** स्टार खिलाड़ी किलियन एमबापे के 70वें मिनट में किए गए पेनल्टी गोल की बदौलत फ्रांस ने शनिवार को पैराग्वे पर 1–0 से जीत हासिल कर राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली. भीषण गर्मी में खेल को सही मायने में विकसित होने में कुछ समय लगा, और पहले हाफ में दोनों टीमों ने कुल मिलाकर पांच शॉट लगाए. इस दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर फाउल किए और तीखी टिप्पणियां कीं. लेकिन वे गोल करने में विफल रहे. अंत में, पैराग्वे के डिएगो गोमेज़ ने पेनल्टी एरिया के अंदर सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी डेसिरे डोए को गिरा दिया, जिसके बाद फ्रांस को पेनल्टी मिली. वीएआर रिव्यू के लिए काफी देर रुकने के बाद, रेफरी इल्गिज़ तांताशेव ने पेनल्टी स्पॉट की ओर इशारा किया. एमबापे ने शानदार खेल दिखाते हुए गोलकीपर ऑरलैंडो गिल को चकमा दिया और जीत का निर्णायक गोल दागा.

## पुर्तगाल बनाम स्पेन : रोनाल्डो और लैमिन यमल आमने-सामने

**डलास.** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम, फीफा वर्ल्ड कप 2026 के राउंड ऑफ़ 16 में लैमिन यमल की स्पेन टीम के खिलाफ़ एक रोमांचक 'आइबेरियन डर्बी' में भिड़ेगी. यह मैच डलास स्टेडियम में मंगलवार तड़के खेला जाएगा. पुर्तगाल की फुटबॉल टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही है, लेकिन रोनाल्डो और उनकी टीम का प्री-क्वार्टर फाइनल तक का सफ़र बहुत प्रभावशाली नहीं रहा है. ग्रुप स्टेज में एक जीत और दो ड्रॉ के साथ आगे बढ़ने के बाद, ग्रुप के में कोलंबिया के पीछे रहने वाली पुर्तगाल टीम ने राउंड ऑफ़ 32 में क्रोएशिया के खिलाफ़ वीएआर ड्रामा से बचते हुए अंतिम 16 में जगह बनाई. अपने सर्वश्रेष्ठ फ़ॉर्म में न होने के बावजूद, 41 वर्षीय रोनाल्डो चार मैचों में तीन गोल के साथ फीफा वर्ल्ड कप 2026 में पुर्तगाल के लिए सबसे ज़्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे हैं. पुर्तगाल दो बार (1966 और 2006) फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफ़ाइनल में पहुँच चुका है और इस साल पहली बार फ़ाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगा. टीम को विटिन्या, ब्रूनो फर्नांडीस और जोआओ नेवेस जैसे स्टार खिलाड़ियों वाले मिडफ़ील्ड का साथ मिलेगा, जो आगे खेल रहे रोनाल्डो को मदद पहुँचाएंगे. हालाँकि, रॉबर्टो मार्टिनेज की टीम के लिए क्वार्टर फ़ाइनल का रास्ता मुश्किल हो सकता है क्योंकि 2010 की चैंपियन स्पेन टीम उनकी राह में खड़ी है.



# स्प्रिंटर टेट टेलर ने जीती पुरुषों की 100 मीटर दौड़



**ओरेगन (अमेरिका) 05 जुलाई प्रीफॉन्टेन क्लासिक 2026 में शनिवार को युवा स्प्रिंटर टेट टेलर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर तथा मेलिसा जेसरसन ने महिलाओं की 100 मीटर की दौड़ जीती.**

हेवर्ड फील्ड स्टेडियम में हुए मुकाबले में अमेरिकी धावक टेलर ने सबको चौंकाते हुए बोत्सवाना के लेत्सिले तेबोगो को पछाड़ कर पुरुषों की 200 मीटर दौड़ 19.75 सेकंड में जीती. उन्होंने पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए आखिरी कुछ मीटर में बढ़त बनाए रखी. वे केमैन आइलैंड्स के जैडेन रीड के 19.63 सेकंड के वर्ल्ड लीड (सबसे तेज़ समय) से सिर्फ़ 0.02 सेकंड पीछे रहे.



## हम 15 ओवर तक मुकाबले में थे : श्रेयस

**मैनचेस्टर.** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि विकेट पर दोहरी उछाल थी और गेंदबाजी के दौरान हम 15 ओवरों तक मुकाबले में थे. इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में मिली चार विकेट से हार के बाद भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि मैं किसी ख़ास खिलाड़ी पर जिम्मेदारी नहीं डालना चाहूंगा लेकिन हम खेल में बने हुए थे.

# विंबलडन के चौथे राउंड में पहुंचे ज़्वेरेव

**लंदन, 05 जुलाई. अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को थोड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन शनिवार को उन्होंने शानदार सर्विस करते हुए विंबलडन के चौथे राउंड में जगह बनाई.**

दूसरे सीड खिलाड़ी ने मार्कोस गिरोन की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में 6–2, 7–6(4), 6–4 से जीत हासिल की. ज़्वेरेव ने पहले सेट में दबदबा बनाए रखा और अपनी पहली सर्विस का अच्छा इस्तेमाल किया, जबकि दूसरे सेट में गिरोन ने अपना खेल बेहतर किया.



अमेरिकी खिलाड़ी को किसी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने टाई-ब्रेक की स्थिति बना दी, लेकिन ज़्वेरेव दबाव में भी डटे रहे. उन्होंने सेट में मिले दो ब्रेक पॉइंट बचाए और फिर शांत रहकर टाई-ब्रेक जीता, जिससे वे जीत के करीब पहुंच गए। तीसरे सेट की शुरुआत में, ज़्वेरेव ने दूसरे गेम में गिरोन की सर्विस तोड़ी। हालांकि 4–2 के स्कोर पर उनकी अपनी सर्विस टूटी, लेकिन ज़्वेरेव ने तुरंत वापसी करते हुए बढ़त फिर से हासिल कर ली.



# भारत ए ने श्रीलंका ए को टेस्ट में 10 विकेट से हराया

### बरार और सुदर्शन बने जीत के हीरो

**दांबुला, 05 जुलाई भारत ए ने श्रीलंका ए के खिलाफ दूसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज की. इस मुकाबले में साई सुदर्शन की 168 रनों की शानदार पारी और तेज गेंदबाज गुरनूर बरार की घातक गेंदबाजी (कुल 10 विकेट) भारत की जीत की सबसे बड़ी वजह रही.**

भारत ए ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 543 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें साई सुदर्शन ने बेहतरीन 168 रन बनाए. उनकी इस पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया और भारत ए ने पहली पारी के आधार पर 177 रनों की बढ़त हासिल कर ली. श्रीलंका ए की टीम दूसरी पारी में दबाव में नजर आई और गुरनूर बरार की शानदार गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी. बरार ने पहली पारी में 4 विकेट और दूसरी पारी में 6 विकेट लेते हुए कुल 10 विकेट हासिल किए और मैच में पूरी तरह छा गए.

उनकी गेंदबाजी ने श्रीलंकाई बल्लेबाजी क्रम को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया. श्रीलंका ए की ओर से केवल आशेन बंडारा ही 87 रन की उपयोगी पारी खेल सके, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला. पूरी टीम दूसरी पारी में 209 रन पर सिमट गई.भारत ए को जीत के लिए केवल 33 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे साई सुदर्शन और अमन मोखाड़े ने बिना कोई विकेट खोए मात्र 6.2 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया.

# 9000 लोगों ने रन और राइड में लिया हिस्सा

## मनसुख मांडविया ने 80वें राष्ट्रीय संस्करण की अगुवाई की

**नयी दिल्ली, 05 जुलाई केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से 'फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल' के 80वें राष्ट्रीय संस्करण की अगुवाई की.यह कार्यक्रम आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साईं के 100 साल पूरे होने के अवसर पर श्री सत्य साईं सेवा संगठनों के सहयोग से आयोजित किया गया था.**

इस दौरान राष्ट्रीय राजधानी में 9000 से अधिक लोगों ने जुम्बा और योग सत्रों के अलावा कम्युनिटी रन और राइड में पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया. इसके अलावा, यह साइकिलिंग ड्राइव आर्ट ऑफ़ लिविंग, हार्टफ़ुलनेस और ईशा फ़ाउंडेशन के सहयोग से हुई. इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा कि 'संडेज़ ऑन साइकिल' का मकसद मोटापे की समस्या को खत्म करना है. उन्होंने कहा, 'भारत में हर 4 में से एक व्यक्ति का वजन जरूरत से अधिक है.



## श्रीलंका ने 549/9 स्कोर पर पारी की घोषित

**नॉर्थ साउंड.** श्रीलंका ने सोनल दिनुशा (92) और कुसल मेंडिस (69) रन की शानदार प्रदर्शन के बाद दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट पर 549 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी. दिन का खेल समाप्त होने के समय वेस्टइंडीज ने एक विकेट पर 58 रन बना लिये है. श्रीलंका ने पांच विकेट पर 338 रनों से आगे खेलना शुरु किया. दूसरे दिन 138 रन जोड़ने के बाद श्रीलंका का छठ विकेट कुसल मेंडिस 69 रन के रूप में गिरा. उन्हें फिलिप्स ने बोल्ड आउट किया. इसके बाद केवम हॉज ने सोनल दिनुशा (92) को आउटकर पवेलियन भेज दिया.

# पाक ने वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दौरे के लिए टीम की घोषणा की

**लाहौर, 05 जुलाई. पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के आगामी दौरे के लिए 16 सदस्यीय टेस्ट टीम की घोषणा कर दी है और बाबर आजम को एक बार फिर से टीम की कमान सौंपी गई है.**

चयनकर्ताओं ने शान मसूद को पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान के पद से हटा दिया है और बाबर आजम को एक बार फिर से टेस्ट टीम की जिम्मेदारी सौंपी है. वेस्टइंडीज में होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए घोषित की गई टीम के साथ ही बाबर को कप्तान बनाये जाने की घोषणा की गई. मसूद को लगभग तीन साल पहले टेस्ट टीम कप्तान बनाया गया था. उनके कार्यकाल में 16 टेस्ट में टीम को 12 बार हार का सामना करना पड़ा.



**शानदार प्रदर्शन** ▶ 19 वर्षीय जियाले ने ओलंपिक चैंपियन को हराकर जीता पहला खिताब

# जियाले ने डायमंड लीग जीतकर रचा इतिहास

**वॉशिंगटन, 05 जुलाई चीन की युवा हैमर थ्रो स्टार झांग जियाले ने यूजीन में आयोजित डायमंड लीग मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं का हैमर थ्रो खिताब अपने नाम कर लिया.**

19 वर्षीय झांग ने अपने अंतिम प्रयास में 77.94 मीटर का करियर-बेस्ट थ्रो फेंककर कनाडा की ओलंपिक चैंपियन कैमरिन रोजर्स को बेहद करीबी मुकाबले में हराया. यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें झांग जियाले ने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता. इससे पहले उनके पास 77.24 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ था, जिसे उन्होंने इस मुकाबले में बेहतर करते हुए नया रिकॉर्ड बनाया. झांग इस इवेंट में नौ खिलाड़ियों के बीच सबसे युवा प्रतिभागी थीं और शुरुआत में उन्होंने स्थिर प्रदर्शन किया.



रोजर्स अंतिम प्रयास में अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख सकीं और दूसरे स्थान पर रहीं. वहीं अमेरिका की डीएना प्राइस ने 76.95 मीटर के थ्रो के साथ तीसरा स्थान हासिल किया. चीन की ही एक अन्य एथलीट झाओ जी, जो एशियाई रिकॉर्ड होल्डर हैं.

शुरुआती तीन राउंड के बाद वह दूसरे स्थान पर थीं, जबकि कनाडा की कैमरिन रोजर्स 77.81 मीटर के थ्रो के साथ बढ़त बनाए हुए थीं. लेकिन अंतिम राउंड में झांग ने शानदार वापसी की और 77.94 मीटर का थ्रो फेंककर मुकाबले का रुख बदल दिया. उनका यह प्रयास रोजर्स से केवल 13 सेंटीमीटर ज्यादा था, जिससे उन्हें जीत हासिल हुई.

## ग्लूस्टरशायर ने सरे को 57 रनों से हराया

**ब्रिस्टल.** डार्सी शॉर्ट (नाबाद 92) की पारी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ग्लूस्टारशायर ने सरे को 57 रनों से करारी शिकस्त दी. सीट यूनिक स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर शॉर्ट ने शानदार शुरुआत दिलाई, फिर गेंदबाजों ने मेहमान टीम को सस्ते में समेटकर मुकाबला अपने नाम कर लिया. शॉट ने नाबाद 92 रन बनाए, जिससे ग्लूस्टरशायर ने एकतरफ़ा क्रॉस-ग्रुप मैच में सरे को 57 रनों से हरा दिया. टॉस हारने के बाद 2024 की चैंपियन टीम ने 5 विकेट पर 191 रन बनाए.

# हमने परफेक्ट टीम उतारी थी : किशन

## कोई एक बल्लेबाज़ या गेंदबाज़ अंतर पैदा नहीं कर सकता

**मैनचेस्टर, 05 जुलाई भारतीय टी-20 टीम के स्टार बल्लेबाजों में शूमार इशान किशन ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में मिली चार विकेट से हार पर कहा कि केवल कोई एक बल्लेबाज या गेंदबाज अंतर पैदा नहीं कर सकता है.**

किशन मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में किशन ने कहा, 'मेरे हिसाब से हमने परफेक्ट टीम उतारी थी. जब आप हारते हैं तो सवाल कई तरह से खड़े होते हैं. मुझे लगता है कि सारे गेंदबाज काफी शानदार हैं जिन्होंने पहले अच्छा प्रदर्शन करके दिखाया है और अपनी टीमों के अलग-अलग परिस्थितियों में जीत दिलाई है. सपाट विकेटों पर भी उन्होंने विकेट निकाले हैं तो मुझे नहीं लगता कि टीम को लेकर हम कोई बदलाव कर सकते थे. हमें केवल यहां की परिस्थितियों को और बेहतर समझना होगा और देखना कि कैसे हम सुधार ला सकते हैं.

